पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 07 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 03-03-2023

दिनांक 02/03-03-2023 को रात्रि थाना आशियाना 01, दुबग्गा 02, महानगर 01, पीजीआई 01, वजीरगंज 01, विभूतिखण्ड 01 अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 07 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 पश्चिमी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।

थाना माल- दिनांक 02-03-2023 को उ0नि0 श्री गोपाल शर्मा थाना माल द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01- नन्हके पुत्र डल्ला उम्र करीब 32 वर्ष निवासी बघोलवा थाना माल जनपद लखनऊ को बघोलवा-शाहपुर रोड पर स्थित दुर्गा मंदिर के पास बृहद ग्राम बघोलवा थाना माल जनपद लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक के पिपिया में करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना माल पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

थाना बी0के0टी0-(सुसाइड)- आज दिनांक 03-03-2023 को थाना बी0के0टी0 द्वारा बताया गया कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय साढामऊ थाना बी0के0टी0 जनपद लखनऊ ने थाना बी0के0टी0 पर सूचना दिया कि आज दिनांक 03.03.2023 को समय करीब 09.30 बजे प्रातः राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय के स्वीपर श्री मनीष ने चिकित्सालय कालोनी वासियों को सूचना दी कि आवासीय परिसर के आवास के कमरे में ऑक्सीजन मेनीफोल्ड में कार्यदायी संस्था मेसर्स लाइफ लाइन मेडिकल डिवाइस औरंगाबाद जागीर लखनऊ के अधीन नियुक्त कर्मचारी श्री अनूप शुक्ला ने फांसी लगा लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री रावेन्द्र सिंह मो0नं0 7052722689 थाना बी0के0टी0 द्वारा आवश्यक वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक श्री अनूप शुक्ला उम्र करीब - 21 वर्ष पुत्र उमाकान्त शुक्ला निवासी अटवा हरैया थाना हरैया जनपद बस्ती का मूल निवासी था तथा उपरोक्त चिकित्सालय में कार्यरत था, ने आवासीय परिसर में बने ई-ब्लॉक आवास सं0 1 सौ शैय्या के कमरे में छत के पंखे से मफलर का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

थाना इन्दिरानगर-(चोरी)- दिनांक 03-03-2023 को थाना इन्दिरानगर द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती पारुल पुत्री श्री राजू निवासी 133/531 जाटन पुरवा टी0 पी0 नगर कानपुर थाना बाबूपुरवा जनपद कानपुर नगर हाल पता 9/230 इन्दिरानगर जनपद लखनऊ ने थाना इन्दिरानगर पर सूचना दिया कि वादिनी अपनी बहन के साथ 9/230 इन्दिरानगर जनपद लखनऊ में अपनी बहन के साथ रहती है। दिनांक 01/02-03-2023 की रात्रि वादिनी अपनी बहन के साथ किसी इवेन्ट के काम से ददुआ मऊ गई थी। जब वादिनी अपनी बहन, मित्र मान्सी व भमता गोस्वामी के साथ दिनांक 01/02-03-2023 को समय करीब 02.00 रात्रि अपने उक्त घर आई तो देखा कि अज्ञात चोरों द्वारा घर के आंगन की जाली काट कर घर के अन्दर घुसकर कमरे में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात व नकदी चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना इन्दिरानगर पर मु0अ0सं0 70/2023 धारा 380/457 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।** जिसकी विवेचना एस0आई0 श्री अमरपाल अग्निहोत्री द्वारा की जा रही है।